
# कहीं फार्मासिस्ट लापता तो कहीं बिलों में घपले

## लंबे अर्से बाद ड्रग इंस्पेक्टर ने उठाई मेडिकल स्टोर की जांच करने की जहमत, मिली कई गंभीर खामियां

नवभारत न्यूज

**सीहोर 27 अक्टूबर. गत दिनों छिंदवाड़ा में जहरीले कफ सीरफ सहित अन्य दो दवाओं से मासूम बच्चों की हुई मौतों के बाद शासन ने प्रदेशभर में जांच कर कार्यवाही के निर्देश दिए थे जिसके कई दिन बाद सोमवार को जिले के ड्रग इंस्पेक्टर ने करीब दस मेडिकलों पर जाकर जांच की. इस दौरान कुछ दवा दुकानों पर फार्मासिस्ट नहीं मिले तो कुछ पर दवाओं के बिल नहीं पाए गए. कार्रवाई का सिलसिला देर शाम तक जारी है. फिर लापरवाह मेडिकल संचालकों को नोटिस जारी कर आगे की कार्रवाई की जाएगी.**



मालूम हो कि जिलेभर में 1500 से अधिक दवा दुकानें संचालित हो रही है जो फार्मासिस्ट के लाइसेंस पर चलाए जा रहे हैं. ऐसे में मरीज को दी जाने वाली दवाओं में लापरवाही रोकने के लिए यह कार्रवाई की जा रही है. जांच के दौरान सोमवार को ड्रग इंस्पेक्टर किरण मगरे जब मुख्यालय के विभिन्न मेडिकल स्टोर पर जांच करने पहुंचे तो रोजाना पंजी के बिल नहीं मिले. जिससे मौके पर यह स्पष्ट नहीं हो पाया कि मेडिकल संचालक ने दवा लेने पहुंचे लोगों को कौन सी दवाएं दी हैं. वहीं कुछ मेडिकल पर फार्मासिस्ट की जगह संचालक और उनके लड़के ही पर्चे देखकर दवाएं देते मिले. शाम तक जांच कार्रवाई जारी रहने से अभी ड्रग इंस्पेक्टर स्थिति स्पष्ट नहीं कर पाए हैं. हालांकि उन्होंने लापरवाह मेडिकल संचालकों को नोटिस जारी करने की बात कही है. सोमवार को हुई इस कार्रवाई से स्पष्ट हो गया है कि जिले भर में मेडिकल स्टोर संचालकों द्वारा अनियमितताएं बरती जा रही हैं और इनकी वजह से कई बार मरीजों को गलत दवाओं का सेवन करने का खामियाजा भुगतना पड़ा है. इन मेडिकल स्टोर को मनमर्जी करने की छूट इसलिए मिलती है, क्योंकि जिम्मेदारों द्वारा इनकी जांच करने की जहमत तभी उठाई जाती है जब मेडिकल स्टोर या डॉक्टरों की लापरवाही से कोई घटना घटित हो जाती है. अगर नियमित रूप से मेडीकल स्टोर की जांच की जाए तो और रहस्योद्घाटन हो सकते हैं.

सूत्रों की मानें तो एक लायसेंस से कई मेडीकल स्टोर संचालित हो रहे हैं. बिना फार्मासिस्ट के मेडीकल स्टोर पर काम करने वाले लड़के पर्चा देखकर दवा देते हैं.

> **जांचोपरांत करेंगे आगामी कार्रवाई**
>
> सोमवार को अनेक मेडीकल स्टोर की जांच की गई. इस दौरान क्रय- विक्रय पंजी, फार्मासिस्ट की उपलब्धता की जांच की गई. बच्चों की दी जाने वाली दवाओं के सैंपल जांच करने लिए गए हैं. एक मेडीकल स्टोर पर फार्मासिस्ट नहीं मिला है तथा लगभग सात मेडीकल स्टोर पर भी कमियां मिली हैं. इन पर उचित कार्रवाई की जाएगी.
>
> **किरण मंगरे,**
> औषधि निरीक्षक, सीहोर

## खोखो प्रतियोगिता में दिखाए अपने हुनर

**सारंगपुर 27 अक्टूबर, सं.** नगर सारंगपुर में दिनांक 24 अक्टूबर से 27 अक्टूबर तक राज्य स्तरीय शालेय खो-खो प्रतियोगिता का अयोजन किया गया. मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री ज्योति सुनहरे नगर पालिका परिषद सारंगपुर के द्वारा उक्त आयोजन में में भाग लेने वाली बालिकाओं से परिचय किया गया एवं खेलों के दृष्टिकोण विषय पर प्रेरक चर्चा की गई. जिसमें सुश्री सुनहरे द्वारा बालिकाओं से खेलों मुख्य उद्देश्य उनमें सकारात्मक सोच और आत्मविश्वास का विकास करना था उनके द्वारा बालिकाओं को हमारा दृष्टिकोण हमारी सफलता और असफलता को कैसे प्रभावित करता है संबंधी विषय पर विस्तृत चर्चा की व कई रोचक उदाहरणों के माध्यम से समझाया कि सही दृष्टिकोण अपनाकर कठिन परिस्थितियों को भी अवसर में बदला जा सकता है.



# जनपद सदस्य की कार महिला ने की क्षतिग्रस्त

नवभारत न्यूज

**सागर 27 अक्टूबर. जनपद पंचायत कार्यालय परिसर में एक महिला ने जनपद सदस्य की फोर व्हीलर पर तोड़फोड़ कर दी. कार जनपद पंचायत सागर के सदस्य एवं वन समिति के सभापति राघवेंद्र सिंह की है.**

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार महिला ने पत्थर से कार पर वार करते हुए साइड ग्लास और आगे का शीशा पूरी तरह तोड़ डाला, यहां तक कि सामने के हिस्से की बॉडी भी पत्थर पटककर क्षतिग्रस्त कर दी, मिली जानकारी के अनुसार ग्राम सड़ेरी निवासी छोटी बाई लोधी ने जनपद सदस्य श्री सिंह पर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने हमारी दो एकड़ जमीन अपने जेठानी के बेटे के नाम करवा दी है. महिला का कहना है कि पहले हमारे नाम से जमीन दर्ज थी, लेकिन जनपद सदस्य ने नाम कटवा दिया. बहुत प्रयासों के बाद नाम दोबारा जुड़वाया गया, लेकिन फिर से काट छाटकर कर नाम हटा दिया गया है. महिला ने बताया कि जमीन के दस्तावेजों में जनपद सदस्य के हस्ताक्षर भी मौजूद हैं, जिससे साबित होता है कि यह सब कुछ उनकी जानकारी और मिलीभगत से हुआ है. महिला ने बताया कि उनके परिवार का गुजारा इसी दो एकड़ जमीन पर होने वाली खेती से चलता है. लेकिन अब जब जमीन किसी और के नाम कर दी गई है, तो परिवार के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है. उन्होंने बताया कि इस संबंध में उन्होंने कलेक्टर को भी लिखित शिकायत दी थी, मगर प्रशासन की ओर से कोई सुनवाई नहीं हुई. इससे क्षुब्ध होकर महिला सोमवार को जनपद कार्यालय पहुंची और जब जनपद सदस्य उन्हें देखकर वहां से भागने लगे, तो गुस्से में आकर उन्होंने पत्थर उठाया और गाड़ी पर ताबड़तोड़ वार कर दिए.

वन समिति के सभापति राघवेंद्र सिंह ने बताया कि उन्होने इस संबंध में गोपालगंज थाने में कार क्षतिग्रस्त किए जाने की नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है.

> जनपद सदस्य श्री सिंह द्वारा थाने में की गई शिकायत में बताया गया है कि आज सोमवार की सुबह वह अपनी बलेनो कार क्रमांक एमपी 15 सीसी 4367 जनपद पंचायत सागर गया था जहां पर कार खड़ी कर सरकारी काम से ऑफिस के अंदर चला गया था. दोपहर में 2.30 बजे के आसपास पंचायत की छोटी बाई उर्फ क्रांति बाई लोधी कार्यालय से बाहर बुलाकर कहने लगी कि तुमने फौती क्यों उठवाई, मेरा नाम क्यों कटवाया है. इसी बात से नाराज महिला ने कार में तोड़फोड़ कर दी गई है.

## बेल नदी पर 201.68 लाख से बनेगा नया पुल

**बैतूल।** आमला से रमली मार्ग में बेल नदी पर रेलवे द्वारा निर्मित पुराने और संकरे पुल के बगल में अब एक नया पुल बनाया जाएगा। लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण द्वारा इस पुल की निविदा प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। निर्माण कार्य का अनुबंध मेसर्स हरीश चन्द्र मिश्रा टिमरनी फर्म के साथ किया गया है। लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण उपसंभाग बैतूल गिरीश हिंगवे ने बताया कि यह पुल 8.4 मीटर चौड़ा और 60 मीटर लंबा होगा। इसके निर्माण पर 201.68 लाख की लागत आएगी। कार्य प्रारंभ करने से पूर्व स्थल पर सॉइल इन्वेस्टिगेशन का कार्य शीघ्र ही प्रारंभ किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि पुल निर्माण कार्य की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं.



# शराबखाना बना परेशानी

## सर्विस रोड़ पर शराबखाने के सामने वाहनों का जमावड़ा

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 27 अक्टूबर, का. गुना रोड़ पर हाईवे किनारे सर्विस रोड़ से लगे शराब खाने के कारण आसपास के रहवासी ईलाकों में रहने वाले लोग इन दिनों परेशान हो रहे है. शराब खाने के पास अहाते और सामने रोड़ पर वाहनों को शाम होते ही जमघट लगने लग जाता है. शराब पीने वाले वहां जमा रहते है, उनके वाहनों से सड़क ब्लॉक हो जाती है.**

मामले को परमसिटी आवासी कॉलोनी के सभी रहवासियों ने प्रशासन और पुलिस को अपनी शिकायत और रोष दर्ज कराया. रहवासियों में अधिकांश महिलाएं शामिल थी.

# 30 दिन से नहीं हुई ईऑफिस पर लॉगिन

## कलेक्टर ने ब्यावरा तहसीलदार को लगाई फटकार

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 27 अक्टूबर, का. आगामी एक नवम्बर को मनाए जाने वाले मध्यप्रदेश स्थापना दिवस की तैयारियों को लेकर सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समीक्षा बैठक आयोजित की गई.**

बैठक में कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा कार्यक्रम की व्यवस्थाओं के साथ-साथ विभिन्न विभागों के कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की गई.

बैठक में सी.एम. हेल्पलाईन की लंबित शिकायतों के समाधान नहीं किए जाने पर कलेक्टर डॉ. मिश्रा द्वारा कड़ी नाराजगी जताई और कहा कि इससे जिले की



रैंकिंग पर नकारात्मक असर पड़ रहा है. साथ ही एल.डी.एम. के सीएम हेल्प लाईन में खराब प्रदर्शन पर वित्त आयुक्त को कार्रवाई की अनुशंसा की गई. वहीं डी.डी.ए. पर 5 हजार रूपये का जुर्माना लगाया गया. बैठक में ई-ऑफिस में लंबे समय से पेंडेंसी फाईलों का समाधान नहीं किए जाने पर सात कर्मचारियों की वेतन वृद्धि रोकने के भी निर्देश दिए गए. जिनमें कनिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी व कलेक्ट्रेट कार्यालय के वरिष्ठ लिपिक भी शामिल हैं.

### एक नजर में



## युवा संगम में मिलेगा युवाओं को अवसर

**सागर.** युवाओं को रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप योजना का अधिकतम लाभ दिलाने के उद्देश्य से रोजगार कार्यालय सागर, संभागीय आई.टी.आई. तथा जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के तत्वावधान में आर्ट्स एंड कॉमर्स कॉलेज में युवा संगम कार्यक्रम के अंतर्गत रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला आयोजित किया गया. इस रोजगार मेला कार्यक्रम में जिले सहित आसपास के क्षेत्रों से आए कुल 724 अभ्यर्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की. इसमें से 494 अभ्यर्थियों का विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा प्राथमिक स्तर पर चयन किया गया. कार्यक्रम में श्रीमती अंगूरी ठाकुर जिला रोजगार अधिकारी, संभागीय आई.टी.आई. प्राचार्य अमरनाथ साकेत, प्राचार्य डॉ. सरोज गुप्ता, डा अमर कुमार जैन जिला नोडल अधिकारी, डा. प्रतिभा जैन प्लेसमेंट अधिकारी, परमानंद सेन, प्लेसमेंट अधिकारी ने पूरे आयोजन का संचालन किया. इस दौरान सुनील सेन नितिन खरे, प्रियंका सिंह चौहान, महेश पाल, राम यादव का सहयोग रहा. सभी चयनित अभ्यर्थियों को औपचारिक रूप से ऑफर लेटर प्रदान किए गए.



## साइबर अपराधों के बारे में किया जागरूक

**सीहोर.** स्पेशल कैम्पेन 5.0 के अंतर्गत जनसंपर्क विभाग द्वारा शासकीय सांदीपनी मनुबेन स्कूल तथा शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में साइबर जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई. कार्यशाला में विद्यार्थियों को साइबर अपराधों के विभिन्न प्रकारों और उनसे बचाव के उपायों के बारे में जानकारी देते हुए ऑनलाइन ठगी, फिशिंग, पासवर्ड सुरक्षा, और सोशल मीडिया पर सुरक्षित व्यवहार के प्रति जागरूक किया गया. इस कार्यशाला में जनसंपर्क विभाग के सोशल मीडिया हैंडलर जितेंद्र रायकवार ने विद्यार्थियों को जागरूक किया. इस दौरान मनुबेन स्कूल के प्राचार्य दीपसिंह राठौर, उत्कृष्ट स्कूल की प्राचार्य श्रीमती सुनीता जैन सहित शिक्षकगण उपस्थित थे.

## शहद निकालने पेड़ पर चढ़े बुजुर्ग की गिरकर मौत

**मुलताई।** थाना क्षेत्र के ग्राम कोल्हया बघोली के शिवाने पर एक खेत में स्थित पेड़ से गिरकर एक बुजुर्ग कि मौत हो गई। बताया रोन्या पिता सोहरब बरकडे नामक बुजुर्ग शुक्रवार को खेत में शहद निकालने गए थे, जिसके बाद वे घर नहीं लौटे। परिजनों ने दो दिन तक उनकी तलाश की। रविवार को खेत मालिक किस्मत गव्हाड़े ने खेत में एक पेड़ के नीचे रोन्या बरकडे 65 साल को पडा देखा सूचना मिलने पर मुलताई थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को आज सोमवार को पोस्टमार्टम के लिए मुलताई के सरकारी अस्पताल भेजा।

## शासन की योजनाओं की दी जानकारी

**सिरोंज,** नगरपालिका द्वारा अंगीकार अभियान अंतर्गत नवीन बस स्टेण्ड पर सोमवार को कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम अंतर्गत शासन की विभिन्न योजनाओं का प्रचार प्रसार हेतु स्थानीय बैंकों के बैंकर्स, बिजली विभाग की योजनाऐं, उज्जवला योजना, स्वास्थ्य विभाग की योजनाऐं आदि सभी विभागों की योजनाओं से हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया.

# किराना दुकान में दिनदहाड़े चोरी

**माचलपुर 27 अक्टूबर, सं.** थाना माचलपुर पुलिस द्वारा उत्कृष्ट कार्यवाही की गई है. बीते 13 जुलाई को फरियादी दिनेश अग्रवाल पिता सत्यनारायण अग्रवाल, उम्र 52 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 01 बजरंग रोड, माचलपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी किराना दुकान के गल्ले से 15-20 हजार रुपये नकद अज्ञात व्यक्तियों द्वारा चोरी कर लिए गए हैं. विवेचना के दौरान पुलिस टीम द्वारा सीसीटीवी फुटेज का गहन विश्लेषण किया गया एवं आस-पास के लोगों से पूछताछ की गई. दिनांक 26 अक्टूबर को थाना प्रभारी निरीक्षक श्रीमति पूजा परिहार द्वारा गठित टीम ने मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपियों की तलाश कर दो अज्ञात चोरों को गिरफ्तार किया. गिरफ्तार



आरोपियों में कमलसिंह पिता कालूसिंह सौंधिया, उम्र 24 वर्ष, निवासी धान्याखेड़ी, थाना सुसनेर, जिला आगर मालवा, जतिन उर्फ नाना पिता दिलीप माली, उम्र 24 वर्ष, निवासी छोटा जीन, थाना सुसनेर, जिला आगर मालवा शामिल है. दोनों आरोपियों से चोरी गया नकद मशरूका बरामद किया गया है.


# जिला अस्पताल में क्रिटिकल केयर यूनिट तैयार

## ना स्टॉफ मिला, न उपकरण आए, परिणाम जिला अस्पताल से मरीज हो रहे रेफर

नवभारत न्यूज

**बैतूल, 27 अक्टूबर. जिला अस्पताल में करोड़ों रुपए की लागत से बना 50 बेड का क्रिटिकल केयर यूनिट (सीसीयू) भवन अभी तक हैंडओवर नहीं हुआ।**

हालांकि अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि ट्रांसफार्मर, इलेक्ट्रिफिकेशन का काम अधूरा है। इस वजह से क्रिटिकल केयर यूनिट अभी शुरू नहीं हो सकी है। इस लापरवाही का सीधा असर मरीजों पर पड़ रहा है। जिला अस्पताल में गंभीर मरीजों को पर्याप्त सुविधा न मिलने के कारण हर दिन कई रेफर केस दर्ज हो रहे हैं। यदि सीसीयू चालू हो जाता तो न



केवल बैतूल बल्कि आसपास के जिलों के लोगों को भी राहत मिलती। स्थानीय स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि इतनी बड़ी परियोजना पर करोड़ों खर्च करने के बावजूद प्रबंधन और योजना की कमी के चलते जनता को कोई लाभ नहीं मिल पा रहा। भवन का निर्माण होना एक उपलब्धि नहीं, जब तक उसके भीतर इलाज न शुरू हो। लोगों का कहना था कि जब डॉक्टर, नर्स और तकनीशियन की नियुक्ति ही नहीं हुई, तो इतनी महंगी बिल्डिंग बनाने का क्या औचित्य था। बताया जा रहा है कि स्वास्थ्य विभाग ने यूनिट संचालन के लिए करीब 80 पदों का प्रस्ताव भोपाल भेजा है, जिनमें डॉक्टर, नर्स, टेक्नीशियन और वार्ड बॉय शामिल हैं। दो बार पत्राचार होने के बावजूद शासन से मंजूरी नहीं मिली। वहीं, यूनिट के लिए आवश्यक वेंटिलेटर और अन्य उपकरणों की खरीदी की टेंडर प्रक्रिया भी ठप पड़ी है।

> ट्रांसफार्मर, इलेक्ट्रिफिकेशन का काम अधूरा है। इस वजह से क्रिटिकल केयर यूनिट अभी शुरू नहीं हो सकी है। हमनें स्टाफ की पदस्थापना के लिए भी पत्राचार किया है। यूनिट के संचालन को लेकर मार्गदर्शन भी मांगा है।
>
> **-डॉ. जगदीश घोरे,** सिविल सर्जन जिला अस्पताल बैतूल

# मंडी में हुई सीजन की बंपर आवक

- दशहरा मैदान में हुई मक्का की नीलामी
- 600 ट्रॉली उपज की आवक का अनुमान

नवभारत न्यूज

**सिरोंज 27 अक्टूबर, सिरोंज कृषि उपज मंडी में सोमवार को इस सीजन की बंपर आवक हुई. इस दौरान मक्का की उपज की बंपर आवक हुई. इस दौरान मंडी में करीब 15 से 16 हजार बोरों की उपज का आवक का अनुमान है. वही मंडी में सोमवार को मक्का की बंपर आवक को देखते हुए गेहूं एवं मक्का की नीलामी दशहरा मैदान में की गई. तो वही सोयाबीन, चना, मसूर आदि की नीलामी बेगमबाग परिसर में की गई.**



मंडी के हाकम सिंह रघुवंशी ने बताया कि सोमवार को मंडी में सीजन की सबसे अधिक आवक रही. इस दौरान मंडी में करीब 15 से 16 हजार बोरा उपज की आवक का अनुमान है. उन्होंने बताया कि मंडी में सोमवार को गेहूं एवं मक्का की नीलामी दशहरा मैदान में तथा सोयाबीन, चना, मसूर आदि की नीलामी बेगमबाग परिसर में की गई. वही थोक अनाज तिलहन व्यापार संघ सिरोंज के अध्यक्ष समीर भार्गव ने बताया कि थोक अनाज तिलहन व्यापार संघ ने ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए सिरोंज हित में एवं किसान हित में मंडी नीलामी सुबह 10 बजे से शुरू की.

## संजोग परिचय सम्मेलन

**सागर.** अखिल भारतीय जैन युवक युवती परिचय सम्मेलन का 22 वें वर्ष का आयोजन संजोग समिति सागर के द्वारा 20 और 21 दिसंबर को आदर्श गार्डन सागर में होने जा रहा है. इस वर्ष पत्रिका में भारतवर्ष से 1500 से अधिक युवक युवतियों की प्रविष्टि शामिल होने का अनुमान है. समिति के अध्यक्ष राकेश जैन निश्चय ने बताया कि लगातार 22 वर्षों से यह कार्यक्रम संजोग समिति के द्वारा आयोजित किया जाता है. युवक-युवतियों का परिचय बायोडाटा रंगीन पुस्तक में प्रकाशित जा रहा है पुस्तिका में प्रकाशनार्थ 800 का शुल्क निर्धारित किया गया है. संजोग समिति के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों को अलग- अलग जवाबदारियाँ दी गई है.



## कलचुरी महिला मंडल ने किया दीपदान

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर। भगवान श्रीराजराजेश्वर सहस्त्रबाहु अर्जुन जयन्ती आज मनाई जाएगी। इस अवसर पर नगर भर से एक शोभायात्रा भी निकलेगी।**

कार्यक्रम का आयोजन अग्रवाल पैलेस में किया जाएगा, जहां सामाजिक गोष्ठी का आयोजन होगा। भगवान श्रीराजराजेश्वर सहस्त्रबाहु अर्जुन जयंती की पूर्व संध्या पर कलचुरी महिला मंडल ने तुलसी सरोवर तालाब पहुंचकर दीपदान किया। दीपदान महोत्सव में कलचुरी महिला मंडल ने सोमवार शाम को 1001 दीपों से भगवान का पूजन एवं दीपदान किया। इस दौरान बड़ी संख्या में कलचुरी महिला मंडल की महिलाएं उपस्थिति रहीं।

वहीं मंगलवार सुबह अग्रवाल पैलेस में भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन की पूजा अर्चना की जाएगी। इसके बाद नगर भर से एक शोभायात्रा का आयोजन होगा।

**समस्या** गांव में लंबे समय से मुक्तिधाम की दिख रही कमी

# लुहर्रा गांव में पन्नी लगाकर किया गया अंतिम संस्कार

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़ बल्देवगढ़ जनपद की ग्राम पंचायत लुहर्रा में एक युवक के अंतिम संस्कार के दौरान ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। गांव में मुक्तिधाम न होने के कारण बारिश के बीच खुले आसमान के नीचे प्लास्टिक की पन्नी लगाकर युवक का अंतिम संस्कार किया गया।**

जानकारी के अनुसार यह घटना 18 वर्षीय सुमित पिता हरिशंकर यादव की मौत के बाद सामने आई। सुमित की मौत करंट



लगने से हुई थी। रविवार शाम करीब 4 बजे गए खेत पर काम कर रहा था। इसी दौरान करंट की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई थी। सोमवार सुबह पोस्टमॉर्टम के बाद परिजन उसका अंतिम संस्कार करने के लिए पहुंचे। इसी दौरान बारिश शुरू हो गई सोमवार को सुबह से हो रही बारिश के कारण अंतिम संस्कार स्थल पर कीचड़ और पानी भर गया था। ग्रामीणों को मजबूरन प्लास्टिक की पन्नियों का सहारा लेकर शवदाह करना पड़ा ताकि बारिश से बचाव हो सके। गांव में लंबे समय से मुक्तिधाम की कमी महसूस की जा रही है जिसके चलते ग्रामीणों को ऐसे विकट हालात में अंतिम संस्कार करने पड़ते हैं।

> **कलेक्टर ने दिए थे निर्देश**
>
> इससे पहले भी खरगापुर क्षेत्र के अंतर्गत एक स्थान पर पन्नी लगाकर अंतिम संस्कार करने का मामला सामने आया था। उस समय कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने तुरंत संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को उचित निर्देश दिए थे जिसमें उन्होंनें जिले की एक सैकड़ा ग्राम पंचायतों में मुक्तिधाम बनाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया था अब बल्देवगढ़ क्षेत्र के गांव से यह मामला सामने आया है।

## एक बार फिर चंदेरी का मॉडल स्कूल चर्चाओ में

**चंदेरी।** ऐतिहासिक नगरी चंदेरी का मॉडल स्कूल जो कि शिक्षा के क्षेत्र के साथ-साथ अन्य प्रतियोगिताओं के लिए हमेशा से सुर्खियों में रहता है, ऐसा ही विगत दिनों देखने को मिला, जहां भोपाल में आयोजित क्विज प्रतियोगिता में मॉडल स्कूल चंदेरी द्वितीय स्थान पर रहते हुए उपविजेता बना। आपको बता दें कि हाल ही में भोपाल में आयोजित इस प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश के सभी सरकारी विद्यालयों ने भाग लिया। जिसमें मॉडल स्कूल के प्राचार्य रामसहाय कटारे के मार्गदर्शन में प्रशिक्षक नीरज यादव के द्वारा प्रशिक्षण देकर विद्यार्थी अनंत सोमानी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता में उपविजेता रहे.